कोलकाता, बुधवार
4.08.2021

अखबार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर



prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित


## आसनसोल प्रभात



# दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल का उम्दा रहा परीक्षा परिणाम






**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक, आसनसोल के छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए इस बार भी दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत सफलता हासिल की है. स्कूल के छात्र अनन्त शर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं अनन्या कश्यप तथा राज नंदिनी शाह 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं. 94.20 प्रतिशत अंकों के साथ सुयश जैसवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया. इसी प्रकार अनन्या साइन ने 92.20 प्रतिशत, अभय कुमार सिंह ने 91.60 प्रतिशत तथा अदिति व्यास ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार सफलता प्राप्त की. सब्जेक्ट वाइज अनन्त शर्मा ने अंग्रेजी में 100, अनन्त शर्मा व राजनंदिनी शाह ने हिन्दी में 100, अनन्त शर्मा ने सामाजिक विज्ञान में 100 , अनन्त शर्मा तथा अनन्या कश्यप ने कंप्यूटर साइंस में 100 अंक प्राप्त किये.इस अवसर पर स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में कड़ी मेहनत और लगन से ऊंचाइयां छूने को प्रोत्साहित किया. स्कूल के प्रधानाचार्य आर.डी. शर्मा ने सभी अध्यापकों और स्टाफ का उनकी मेहनत और कर्तव्यपरायणता के लिए आभार व्यक्त किया और अभिभावकों को भी विश्वास दिलाया कि स्कूल प्रशासन उनके साथ हर प्रकार से सहयोग करेगा और छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी उनका लक्ष्य है.